पत्रस0 BSDM/SDM-64/20222-2005

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

प्रेषक,
मिशन निदेशक,
बिहार कौशल विकास मिशन
पटना।

सेवा में,
सभी केंद्र संचालक।

पटना, दिनाक: 27-08-24..................

विषयः– इनटेक से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों को रेखांकित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के आलोक में सुचित करना है कि बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम ससाधन विभाग के द्वारा सात निश्चय याजना के अंतर्गत कुशल युवा कार्यक्रम (KYP) का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। केन्द्रो के द्वारा प्रत्येक महीने का नामांकन स्वीकृत इनटेक के अनरूप किया जाता हैं। परंतु यह देखा जा रहा की केंद्र के द्वारा इन्टेक से अधिक संख्या में एलोकेशन कर लिया जा रहा है। एलोकेशन,इनटेक से अधिक होने के कारण लर्नर की प्रतीक्षा सूची मे बढ़ोतरी हो रही हैं। बहुत सारे लर्नर की भी शिकायत आ रही है कि उनका एलोकेशन किसी खास केंद्र पर होने के कारण वह किसी अन्य केन्द्र पर नामांकन नहीं कर पा रहे हैं।

अतएव, उपर्युक्त तथ्यो को देखते हुए केन्द्रों पर उपलब्ध इन्टेक से 20 अतिरिक्त एलोकेशन का प्रावधान किया जा रहा है। सभी KYP केंद्रों से अनुरोध है की इस संदर्भ में अपनी राय नीचे दिए हुए QR Code को स्कैन कर एक सप्ताह के अन्दर दे, जिससे कुशल युवा कार्यक्रम का क्रियान्वयन सुचारु रूप से किया जा सके तथा लर्नर अपने सुविधा अनुसार अन्य केन्द्रो पर भी ससमय नामांकन करवा सके।

इस संदर्भ में सभी केंद्रों से अनुरोध है कि एक सप्ताह के अन्दर अपनी राय दिए गए लिंक पर उपलब्ध करा दें ,अन्यथा अगले नामांकन सत्र से इन्टेक से 20 अतिरिक्त एलोकेशन को लागु कर दिया जाएगा।

https://bit.ly/4dxi3a6

विश्वासभाजन

27/8/24

(सुरेश कुमार सिंह)
मिशन निदेशक,
बिहार कौशल विकाश मिशन,
बिहार, पटना ।